हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024(जुलाई–2025)

सार्वजनिक सूचना

सभी सम्बन्धित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय द्वारा दिनांक 30.07.2025 व 31.07.2025 को आयोजित करवाई गई हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा(HTET) 2024 के लेवल–1(PRT), लेवल–2(TGT) व लेवल–3(PGT) से सम्बन्धित सभी विषयों की ड्रॉफ्ट उत्तरकुंजी दिनांक 31.07.2025 सांय से बोर्ड कार्यालय की वैबसाईट www.bseh.org.in पर सार्वजनिक कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न–पत्र बुकलेट में दिए गए किसी प्रश्न अथवा उत्तरकुंजी में दिए गए किसी प्रश्न के उत्तर(विकल्प) के बारे में कोई आपत्ति हो तो इस सम्बन्ध में पूर्ण तथ्यों/प्रमाण सहित दिनांक 01.08.2025 से 03.08.2025 सांय 5.00 बजे तक अपनी आपत्ति निर्धारित शुल्क; 1000/–रूपए प्रति प्रश्न सहित बोर्ड कार्यालय की वैदसाइट पर जारी किए गए पोर्टल/लिंक पर ऑनलाईन दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के सम्बन्ध में दर्ज करवाई गई आपत्ति सही पाई जाती है तो उस प्रश्न के लिए जमा करवाया गया शुल्क; परीक्षा परिणाम घोषित होने से तीन मास के अन्दर–अन्दर सम्बन्धित अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध करवाए गए बैंक खाते में वापिस(Refund) कर दिया जाएगा। दिनांक 03.08.2025 सांय 5 बजे के पश्चात् प्रश्न–पत्र व उत्तरकुंजी के सम्बन्ध में किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली आपत्ति पर किसी भी स्थिति में कोई विचार नहीं किया जाएगा और इस बारे कोई पत्राचार भी नहीं किया जाएगा।

सचिव